From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 24 | Saturday, 9th September to 15th September 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in | www.facebook.com/hometimes.in | www.twitter.com/hometimes_news | hometimes.in | write2us@hometimes.in

# मुलुंड में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

■ **होम टाइम्स टीम**

देशभर में गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। इसी समय दहीकाला उत्सव का भी आयोजन किया गया। मुलुंड में भी हर जगह कृष्ण जन्माष्टमी की धूम देखने को मिली। इस अवसर पर मुलुंड के विभिन्न मंदिरों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

जैसे पूरे देश में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई, वैसे ही मुलुंड में भी कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। मुलुंड में भक्तों ने एक दिन पहले ही कृष्ण जन्माष्टमी समारोह शुरू



कर दिया था। बुधवार को मुलुंड के जवेर रोड इलाके में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भजन कीर्तन किया गया। गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी समारोह आयोजित किया गया। कृष्ण भगवान की मूर्ति का श्रृंगार किया गया। कृष्ण को पालने में भी झुलाया गया। इस कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अगले छह दिनों तक इस मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मदन गोपाल के दर्शन करने वाले भक्तों की कतार मंदिर में देखने को मिली। गुरुवार को विभिन्न गोविंदाओं की टोलियां सड़कों पर घूम-घूमकर दही-हांड़ी फोड़ती नजर आईं। मुलुंड में पूर्व और पश्चिम इलाकों में विभिन्न स्थानों पर मुख्य चौराहों पर दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया था। दही हांडी के मौके पर गोविन्दाओं को लाखों के इनाम दिए गए। इसके साथ ही मुलुंड के बाबाजी की झोपड़ी स्थित मंदिर में भी कृष्ण जन्माष्टमी समारोह आयोजित किया गया। देर रात तक यहां भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की।

# मुलुंड में रही दही हांडी की धूम

## कई इलाकों में गोविंदाओं ने दी सलामी

■ **होम टाइम्स टीम**

**मुलुंड के विभिन्न संस्थाओं और राजनीतिक पार्टियों द्वारा गुरुवार को दही हांडी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुलुंड में ३० से ३५ जगहों पर दहीहंडी उत्सव का आयोजन किया गया था। हर जगह मुलुंड में 'गोविंदा आला रे आला' की धुन सुनने मिल रही थी। कई जगहों पर अलग-अलग गोविंदा पथक ने थर लगाकर हांडी को सलामी दी और कई इनाम भी अपने नाम किए। इस दौरान नागरिकों में भी भारी उत्साह देखा गया।**





मुलुंड सार्वजनिक विकास उत्सव समिती की तरफ से मुलुंड के सर्वोदय नगर परिसर में दहीहंडी का आयोजन किया गया था। इस दहीहंडी को पूर्व नगरसेवक नील सोमैया, विधायक मिहीर कोटेचा, केतन कोटक के साथ ही विशेषकर मुंबई और आसपासच्या परिसर के गोविंदा पथकों ने इस जगह पर थर लगाए। इस समिति की तरफ से एक लाख ११ हजार रुपये का इनाम रखा गया था। सर्वोदय नगर में आयोजित इस दही हांडी को सांताक्रुज वाकोला के गोविंदा पथक ने फोड़ा।



मुलुंड पश्चिम पीके रोड स्थित श्री स्वामी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया था। जहां हांडी फोड़ने वाले गोविंदा पथक को इनाम और ट्रॉफी दी गई। इस दौरान गोविंदा पथक ने हांडी को सलामी दी और इस कार्यक्रम का लुफ्त उठा रहे नागरिकों ने भी गोविंदा पथकों का मनोबल बढ़ाया ।

(शेष पेज ३ और ५ पर)

Volume : 8 | Issue : 24 होम टाइम्स

॥ जय दरियालाल ॥ ॥ जय जलाराम ॥



# श्री कच्छी लोहाना महाजन-मुलुंड

आर.आर.टी. रोड, मुलुंड (वेस्ट). मुंबई-४०० ०८०.

## श्री कच्छी लोहाना महाजन-मुलुंड और लाइन लेडी ऑक्सिलियरी मुलुंड की और से आयोजित

# निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

**तारिक : बुधवार, १३ सितंबर २०२३**

**समय : दोपहर १.०० बजे से शाम ४.०० बजे तक**

**स्थान :** पवानी बैंक्वीट हाल, पहली मंजिल,
श्री कच्छी लोहाना महाजनवाडी, आर.आर.टी. रोड, मुलुंड (वेस्ट)

## पंजीकरन

सोमवार, ११ सितंबर २०२३ से पहले करना जरुरी है।

१. कैंसर जांच कैंप
२. कैंसर पेशंट एड असोसिएशन
३. लेडीज गाइनैक - सर्वाइकल / स्तन कैंसर/
   पेप स्मीयर (PAP SMEAR)
४. सर्जन
५. लिम्फ नोड्स
६. दंत चिकित्सक - मुँह का कैंसर
७. जेंट्स डाक्टर - टेस्टिकुलर
८. रक्त परीक्षण के तकनीशियन - डब्ल्यूबीसी/हीमोग्लोबिन
   आवश्यकता होने पर - एन.एम लैब में
   नि:शुल्क मैमोग्राफी की सुविधा उपलब्ध



॥ जय झुलेलाल ॥

# मुलुंड में रही दही हांडी की धूम....

पेज १ का शेष



भारतीय जनता पार्टी विधानसभा और केशव पाड़ा मित्र मंडल की ओर से मुलुंड के केशव पाड़ा परिसर में दहीहांडी उत्सव का आयोजन किया गया था। इस दहीहांडी उत्सव में मराठा गोविंदा पथक ने दही हांडी फोड़ने का सम्मान हासिल किया।





राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पवार समूह के पुरूषोत्तम दलवी ने मुलुंड पूर्व में वामनराव मुरांजन स्कूल के पास में खुले मैदान में दही हांडी का आयोजन किया। इस दौरान कैबिनेट मिनिस्टर छगन भुजबल में दहीहांडी के लिए उपस्थिति दर्ज की थी।





जहां अलग-अलग दही हांडी की टोली ने दही हांडी फोड़ कर इनाम अपने नाम किया, तो वही मुलुंड में एक अनोखी दही हांडी का भी आयोजन किया गया था। सक्षम प्रतिष्ठान और समिता कांबले की तरफ से मुलुंड पश्चिम जे एन रोड, जवेर रोड कॉर्नर पर विशेष महिला दही हांडी का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर स्थानीय विधायक मिहीर कोटेचा आदि उपस्थित थे। जहां गोविंदा पथक ने ७ थर की सलामी दी और ११ हजार रुपए का इनाम भी जीता। नृत्य, खेल और संगीत के साथ-साथ महिलाओं के लिए आंख बंद पट्टी पहनकर दही हांडी फोड़ने की स्पर्धा का भी आयोजन किया गया था। आपको बता दें कि पिछले ८ सालों से इसी तरह का यह आयोजन पूर्व नगर सेविका समिति कांबले की ओर से किया जा रहा है।



सुरेश दादा बारकू पाटील प्रतिष्ठान द्वारा भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष आर आर टी रोड पर दही हांडी उत्सव का आयोजन किया गया था। जहां ऑर्केस्ट्रा सहित तबले की ताल पर ताल मिलाते लोग नाचते दिखाई दिए। जहां गोविंदा पथको द्वारा छह थर की सलामी दी गई और यहां की दही हांडी फोड़ने वाले गोविंदा की टोली के लिए ९९ हजार ९ सौ ९९ रुपए का इनाम रखा गया था। इस दौरान कई नेताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।




मुलुंड पश्चिम एम जी रोड पर भी उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की तरफ से दही हांडी आयोजित की गई थी। जहां ५५ हजार ५ सौ ५५ रुपए का इनाम भी रखा गया था।




सेवक फाउंडेशन द्वारा धमाल दही हांडी उत्सव २०२३ का आयोजन मेहुल सर्कल पर किया गया था। मुंबई कॉंग्रेस कार्याध्यक्ष चरण सिंह सप्रा द्वारा यहां १३ साल से इसी तरह दही हांडी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस के विधायक भाई जगताप, उत्तम गिते, आर आर सिंह आदि उपस्थित थे। इस फाउंडेशन द्वारा २ लाख २२ हजार २२२ रुपए का इनाम भी विजेता दहीहंडी पथक के लिए रखा गया था और यहां सात थर के मटके की ऊंचाई रखी गई थी।


RFC
RAHUL'S
The Taste Destination
BARBEQUE ROLLS | PIZZA | PASTA
LEBANESE | CHINESE | JUICE
+91 8591692727
rahulsfoodcourtmulund
Shop no 16, Golden Willows building, Next to Mann Punjab Hotel,
Cypress, Mulund (W), Mumbai - 400080
WE SERVE JAIN FOOD

# मुलुंड में रही दही हांडी की धूम....

पेज १ का शेष



मुलुंड पश्चिम एस एल रोड पर बाल गोपाल मित्र मंडल की तरफ से दही हांडी का आयोजन किया गया था। जहां ६ थर लगा कर हंडी को सलामी दी गई और हांडी फोड़ने वाले पथक को ट्रॉफी और इनाम दिया गया।



ठाकरे गुट की तरफ से दही हांडी का आयोजन किया गया था। तो वहीं दूसरी तरफ शिवसेना सचिव संजय माशिलकर की तरफ से मुलुंड में सबसे बड़ी ७ लाख रुपए की दही हांडी आयोजित की गई थी। मुलुंड पश्चिम एमजी रोड पर आयोजित इस दही हांडी में भारी संख्या में राजनीतिक दल के नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।



मुलुंड पश्चिम स्थित स्वप्ना नगरी में भी आरपीआई आठवले गुट की तरफ से दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां गानों की ताल पर नागरिक झूमते दिखाई दिए। इस दौरान परिसर में भारी पुलिस बंदोबस्त भी देखा गया था।



मुलुंड कॉलोनी सर्किल के पास भी श्रेष्ठ आई प्रतिष्ठान द्वारा दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान आयोजक विठ्ठल सातपुते, मुंबई कोंग्रेस कार्याध्यक्ष चरणसिंह सप्रा, भाई जगताप के साथ ही कई अन्य कांग्रेस के नेता उपस्थित थे। तरह तरह के धार्मिक गीत, धार्मिक स्किट, का आयोजन किया गया था। पिछले १२ साल से इसी तरह श्रेष्ठ आई प्रतिष्ठान द्वारा दही हांडी उत्सव आयोजित की जा रही है।

# मुख्य सड़कों के साथ गलियारों की सफाई को लेकर मुख्यमंत्री ने लगाई मनपा को फटकार

## सीएम की फटकार के बाद मुलुंड की भी सफाई पर दिया जा रहा है विशेष ध्यान

**■ होम टाइम्स टीम**

निजी कार्यक्रम से लौटते समय मुख्यमंत्री को सड़क के किनारे पड़ा कचरा देखने को मिला। जिस के बाद आयुक्त को फोन करके फटकार लगाई गई। इसका असर मुलुंड सहित मुंबई भर के मुख्य सड़कों और गलियारों में देखने मिला और साफ सफाई के साथ ही मुंबई को स्वच्छ रखने को लेकर मनपा प्रशासन अलर्ट हो गई है और दिन-रात मुंबई में सड़कों से कचरा को साफ किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि माझगांव डॉक के एक कार्यक्रम से लौटते समय राज्य के मुख्यमंत्री को रास्ते में कुछ गंदगी दिखी। जिसके बाद मुख्यमंत्री की ओर से तुरंत मनपा के आयुक्त को फोन करके मुख्य चौराहा के साथ-साथ अंदरूनी गलियों में भी साफ सफाई और कूड़ा मुक्त करने के आदेश दिए गए। इतना ही नहीं इन सड़कों पर गंदगी को लेकर सात अधिकारियों का तबादला भी कर दिया गया है। जिनमें ई वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर अजय कुमार यादव, विकास सामंत, मिलिंद जोशी, जयवंत परहाड़ आदि शामिल है। इन अधिकारियों को मुंबई के सात जोन में ट्रांसफर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस आदेश के बाद हर एक वार्ड में सफाई कर्मचारी पर सख्ती करते हुए इन्हें गली कूचे के साथ साथ मुख्य गलियारों में भी सफाई करने के आदेश दिए गए है। आने वाले सात दिनों के भीतर मुलुंड और पूरे मुंबई भर में किए गए साफ सफाई की एक रिपोर्ट भी आयुक्त के पास सौंपने को कहा गया है। मुख्यमंत्री के इस आदेश के बाद मुलुंड में भी टी वार्ड की ओर से सड़कों से कचरा उठाने और साफ सफाई करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इतना ही नहीं नागरिकों की ओर से कचरा और अन्य समस्याओं को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है और मुलुंड में चारों ओर साफ सफाई की जा रही है प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है यह कि यदि उन्हें कहीं कचरा दिखता है तो टी वार्ड को इसकी जानकारी दें।

Volume : 8 | Issue : 24 होम टाइम्स

# सं | पा | द | की | य



हिमांशु कोठारी

## मेरे गणेशजी, पर्यावरण पूरक

श्रावण मास शुरू होते ही इस महीने में तरह-तरह के त्योहार पर्वों की धूम शुरू हो गई हैं और हाल ही में दही हांडी भी मनाई गई है । अब उत्सव प्रेमी गणेशोत्सव का इंतजार कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में गणपति का इंतजार हो रहा है। यह त्योहार पूरे राज्य में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। दस दिनों तक हर जगह उत्सव की धूम रहती है। हर तरफ खुशियां नजर आती है। अब यह त्यौहार देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पहुंच गया है। महाराष्ट्र से अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में गणेश प्रतिमाएं निर्यात की जा रही हैं। इसलिए राज्य का यह उत्सव अब ग्लोबल हो गया है। ऐसे में इस त्योहार के उद्गम स्थल महाराष्ट्र की जिम्मेदारी बढ़ गई है। इस त्योहार को पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल बनाने की जरूरत है, क्योंकि इस उत्सव के दौरान गणेश भक्तों द्वारा स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमाएं प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी होती हैं। हालांकि यह सामग्री मूर्तियां बनाने में बहुत आसान है, लेकिन यह बहुत सारे पानी को प्रदूषित करती है। चूंकि यह मिट्टी पानी में अघुलनशील है, इसलिए यह पानी के प्राकृतिक झरनों में बाधा डालती है। ऐसी मूर्तियों को कुओं, झीलों, नदियों में विसर्जित करने से यह चिपचिपी और अघुलनशील मिट्टी जमीन से निकलने वाले झरनों में बस जाती है। अत: जमीन में मौजूद नदियों, कुओं और झीलों के प्राकृतिक जल स्रोत बंद होने से ये जलस्रोत खतरे में पड़ गये हैं। समय के साथ, वे सूखने लगे हैं।

साथ ही, चूंकि मूर्तियों पर लगाए जाने वाले रंगों में विभिन्न प्रकार के हानिकारक रसायन होते हैं, इसलिए यह जलीय जीवन को प्रभावित करता है। इन जलीय जीवों की जिंदगी भी खतरे में है। पानी और जल में निवास करने वाली जीव की जिंदगी धोखे में डालना मनुष्य को काफी महंगा पड़ सकता है । इसलिए लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सोचना जरूरी हो गया है। प्लास्टर ऑफ पेरिस मिट्टी के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल मिट्टी का उपयोग करना आवश्यक है। शाडू मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस का एक अच्छा विकल्प साबित हुई है। यह मिट्टी पानी में जल्दी घुल जाती है और पानी के झरनों को खराब नहीं करती। इससे पानी के प्राकृतिक स्रोत बंद नहीं होने से नदी , झीलों, कुओं जैसे जल निकायों को खतरा नहीं है। यदि इन मूर्तियों को रंगने में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाए तो जलीय जीवन भी बरकरार रह सकता है। यह त्योहार १९ सितंबर से शुरू होगा और लोगों ने इसके लिए खरीदारी भी शुरू कर दी है, तो कुछ लोग कुछ ही दिनों में खरीदारी भी शुरू करने वाले हैं। खरीदारी में सजावटी वस्तुओं से लेकर मखर तक सब कुछ शामिल होगा। पर्यावरण की चिंता के कारण आज के युग में बहुत से लोग पर्यावरण-अनुकूल सजावट का उपयोग करने लगे हैं। इसे लेकर लोगों में काफी जागरूकता है। लेकिन इसे और भी बढ़ाने की जरूरत है। हम जो मखर और सजावटी सामग्री लेते हैं वह आसानी से पर्यावरण में मिल जानी चाहिए और इससे जीवित प्राणियों को कोई खतरा नहीं होना चाहिए। हालांकि सरकार ने थर्माकोल, सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन देखा जा रहा है कि बाजार में ऐसी चीजें बिक रही हैं। इसके प्रयोग से बचना चाहिए। चूंकि सरकार द्वारा प्रतिबंधित होने पर भी ऐसी वस्तुओं का उपयोग किया जाता है, यह पर्यावरण के लिए खतरनाक है। यदि आप इन उत्पादों का उपयोग बंद कर देंगे तो ये बाजार में नहीं दिखेंगे। इसकी मांग नहीं होने से उत्पादन भी नहीं होगा। इसलिए यह जिम्मेदारी जनता की भी है। उन्हें पर्यावरण की रक्षा के प्रति भी अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।

अपने घर में विराजमान होने वाले बप्पा को प्रकृति से प्रेम है, बप्पा को प्रकृति देवता के रूप में देखा जाता है। तो वह कैसे चाहेगा कि हम कुछ ऐसा करें जो प्रकृति को नुकसान पहुँचाए? इसके लिए आइए हम उनकी पसंद की प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके इस त्योहार को और अधिक पवित्र बनाएं। आइए प्रकृति का ध्यान रखकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं। घरेलू गणेश भक्तों को इस कर्तव्य में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए क्योंकि, वही इस त्यौहार का असली आधार है। तो कम से कम उसे घर में स्थापित गणेश प्रतिमा को किसी कृत्रिम तालाब में या घर के पानी में विसर्जित कर देना चाहिए। उसे गणपति के सामने निर्माल्य पालिका को दे देना चाहिए या घर के बगीचे में उसकी खाद बनाकर पेड़ों पर लगाना चाहिए। इको-फ्रेंडली सजावट की जानी चाहिए और मूर्ति के चारों ओर नोटबुक, पेन, पेंसिल या अन्य वस्तुएं जो गरीब बच्चों द्वारा उपयोग की जा सकती हैं, को सजाया जाना चाहिए और विसर्जन के बाद इन सामग्रियों को गरीबों, आदिवासी पाड़ों और जरूरतमंद बच्चों के बीच वितरित किया जाना चाहिए। । मुलुंड में कुछ गणेश भक्तों द्वारा ऐसी सामग्रियों से सजावट करने और अंत में उन्हें जरूरतमंदों को वितरित करने का कदम उठाया गया है। दूसरों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए। तो आइये इस वर्ष मेरे गणपति, पर्यावरण रक्षक गणपति की स्थापना कर पर्यावरण की रक्षा करें।

# आदर्श शिक्षक महापौर पुरस्कार के लिए ५० शिक्षकों का चयन किया गया

## मुलुंड के तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया



अनुजा साबले



विठ्ठल वाळुंज



आसीस शुक्ला

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई मनपा के प्राथमिक, माध्यमिक, निजी के साथ-साथ सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के काम का सम्मान करने के लिए,महानगर पालिका ने आदर्श शिक्षक महापौर पुरस्कार के लिए ५० शिक्षकों का चयन किया है। इन ५० शिक्षकों को पुरस्कार के लिए महानगर पालिका द्वारा प्राप्त १४७ प्रस्तावों में से विभिन्न मानदंडों के आधार पर चुना गया था। पुरस्कार अगले सप्ताह वितरित किये जायेंगे। ११ हजार रुपये, सम्मान चिन्ह, शॉल, श्रीफल, स्वर्ण पदक और फेटा ऐसे पुरस्कार का स्वरूप होगा। मुलुंडकरों के लिए गर्व की बात है. क्योंकि मुलुंड से तीन शिक्षकों ने यह पुरस्कार जीता है।

इस वर्ष घोषित आदर्श शिक्षक मेयर पुरस्कार के लिए मराठी, हिंदी, उर्दू, गुजराती, अंग्रेजी शारीरिक शिक्षा, चित्रकला, कार्य अनुभव, संगीत, विशेष विद्यालय आदि से कुल ५० शिक्षकों का चयन किया गया है। १० वर्षों की त्रुटिहीन सेवा, कक्षा में नामांकन और ड्रॉपआउट रोकने के प्रयास, शैक्षणिक कैरियर में उत्कृष्ट कार्य, छात्रों के लिए लिखित कार्य, विभिन्न शैक्षिक परियोजनाओं में भागीदारी और पुरस्कार प्राप्त, शिक्षण विधियां, अविकसित कक्षाओं के छात्रों के लिए किया गया विशेष कार्य आदि के आधार पर शिक्षकों का चयन किया गया है। मुंबई नगर निगम की तरफ से वर्ष १९७१ से आदर्श शिक्षक महापौर पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

मुंबई नगर निगम की ओर से शिक्षक विभाग के ५० शिक्षकों को आदर्श शिक्षक महापौर पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें मुलुंड के तीन शिक्षक भी शामिल हैं।

### मुलुंड में आदर्श शिक्षक पुरस्कार के विजेता;

**मराठी माध्यम**

अनुजा साबले - मुंबई पब्लिक स्कूल, गव्हाण पाडा

**हिंदी माध्यम**

आसीस रामजी शुक्ला - मुलुंड विना नगर

**मराठी माध्यम**

विठ्ठल वाळुंज - मुलुंड विद्या मंदिर


फ्लोरिंग सोल्यूशन
गणपती डेकोरेशन
व्होलसेल प्राईज में उपलब्ध
हम उच्च गुणवत्ता वाले तिरपाल और शेड नेट का निर्माण करते हैं।
हमारी डोरमैट, कुशन मैट और एस-मैट की एजेंसी है। घरों और कार्यालयों के लिए, हम कृत्रिम घास,
गैर-बुना कालीन (नॉन वूवन कारपेट ) और पीवीसी कालीन भी प्रदान करते हैं।
हमारे यहां त्योहार के समय कृत्रिम फूलों के तोरण और ग्रीन मैट बैकड्रॉप भी मिलते हैं।
सभी उत्पाद थोक दरों पर उपलब्ध हैं।
पता : बी-१४, सुनीता आनंद पैलेस, बाल राजेश्वर रोड, वैशाली नगर, मुलुंड (पश्चिम), मुंबई
संपर्क - योगेश मजीठिया : 9819243679/ करण मजीठिया : 7977009021

# मुलुंड में जैनियों की अनोखी महा रथयात्रा

## दस हजार से अधिक सदस्यों ने भाग लिया







■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में जैन अचलगच्छ समाज द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली को अनोखी महा रथयात्रा का नाम दिया गया था। रैली में पूरे मुंबई से सैकड़ों अचलगज समुदाय समूहों ने भाग लिया। पूरी रथ यात्रा में १०,००० से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। इस यात्रा में विभिन्न राजनीतिक दल भी मौजूद थे।

जैनियों में अचलगच्छ समाज का विशिष्ट स्थान है। इस समुदाय के नागरिकों को एक मंच पर लाने के लिए रविवार को मुलुंड में समुदाय द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली मुलुंड के जैन देरासर से शुरू हुई और बाद में उसी स्थान पर समाप्त हुई। इस भव्य रैली में अचलगच्छ समाज के सभी भाई उपस्थित रहे। इस रैली में ईशान्य मुंबई के सांसद मनोज कोटक, विधायक मिहिर कोटेचा भी शामिल हुए। साथ ही इस रैली में कई अन्य राजनीतिक नेता भी शामिल हुए थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पहली बार था कि अचलगच्छ समुदाय के लोग इतने बड़े पैमाने पर एक साथ आए। इसलिए इस रैली में भव्यता का आभास हुआ। इसी तरह इस रैली में चार बड़े रथ भी शामिल हुए थे। मुलुंड के प्रियदर्शनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के खुले मैदान में हुई इस रैली में अचलगच्छ समुदाय के सभी लोग एकत्रित हुए थे।

इन कार्यक्रमों में आचार्य महोदयुसागरसूरीश्वरजी म.सा., गणिवर्य श्री उदयरत्नसागरजी म.सा., ओजस्वी वक्ता मुनिश्री गुणवल्लभसागरजी म.सा. और मुलुंड के कई जैन साधु भगवंतोने रथ यात्रा में अपनी उपस्थिति दिखाई। यह रैली अचलगच्छ जैन समाज मुलुंड की ओर से आयोजित की गई थी। इस रैली को अनोखी महा रथयात्रा का नाम दिया गया।




जसराज एंटिक®

सरोज गड़ा (मुलुंड-पूर्व) (राईधनजर-गढ़शीशी)



स्पेशल फेस्टिवल ऑफर

10% से 40% तक की छूट

१ ग्राम सोने के आभूषणों में नए डिजाइनों का खजाना उपलब्ध है।

बेहतरीन और आकर्षक डिजाइन जो असली जेवरात को भी फीका कर दे
+कुंदन + नेकलेस सेट, पेंडेंट बूटी लॉन्ग सेट, चंदनहार, जवहार, जवपतला गोल्ड,
रहोडियम ब्रेसलेट, चेन और कई अन्य प्रकार के शानदार और आकर्षक जेवरात

पुराने और नवीन सभी ग्राहकों का स्वागत

नागरिकों का भरोसा मतलब जसराज एंटीक का स्पेशल ऑफर

फेस्टिवल ऑफर पर १० से ४० फ़ीसदी तक की छूट

CONTACT : GIRISH GADA - 9821376756 SAROJ GADA - 9821854370

Note: Before coming pl buzz on Cell.

# मुलुंड में फटी पीएनजी गैस पाईपलाइन

## मुलुंड और ठाणे में ग्राहक हुए प्रभावित

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पश्चिम के एम टी अग्रवाल अस्पताल इलाके में महानगर गैस पाइपलाइन फटने के बाद कुछ देर तक डर का माहौल रहा।यह घटना गुरुवार सुबह की है। बताया गया कि अस्पताल परिसर में जमीन का एक हिस्सा ढहने से यह हादसा हुआ था।

इस संबंध में अधिक जानकारी यह है कि मुलुंड में एमटी अग्रवाल के मनपा अस्पताल क्षेत्र में तेज गंध की सूचना अग्निशमन दल को मिली थी। तदनुसार, जब फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तो देखा कि जमीन में लगे गैस पाइप लाइन से गैस लीक हो रही थी। महानगर गैस पाइपलाइन टूटने से पीएनजी (घरेलू) गैस का रिसाव हो रहा था। मौके का निरीक्षण करने के तुरंत बाद महानगर गैस कर्मचारियों की मदद से सुरक्षा कारणों से वहां की गैस आपूर्ति बंद कर दी गई। जिसके कारण मुलुंड पूर्व, मुलुंड पश्चिम और कोपरी इलाके के निवासियों को कुछ घंटों तक रसोई गैस की आपूर्ति नहीं हो सकी। लेकिन कुछ घंटों के बाद गैस कर्मियों ने गैस लाइन की मरम्मत की और गैस की आपूर्ति शुरू कर दी गई। फायर ब्रिगेड को समय पर सूचना देने और महानगर गैस कर्मियों के मौके पर पहुंचने से संभावित आपदा को रोका गया और गैस आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# कांजूर ट्रैफिक पुलिस ने विश्व स्वच्छ वायु दिवस मनाया

## रिक्शा चालकों और गोविंदा पथकों को दिया स्वच्छ हवा का पाठ

■ होम टाइम्स टीम

ग्लोबल वार्मिंग का असर हर जगह दिख रहा है। इसमें वायुजनित प्रदूषण अधिक शामिल है। चूंकि हवा का सीधा संबंध इंसानों और जीव-जंतुओं से है, इसलिए प्रदूषित हवा उनके लिए खतरनाक बनती जा रही है। इसलिए हवा को साफ रखना बहुत जरूरी हो गया है। सभी को स्वच्छ हवा के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए ७ सितंबर को विश्व स्वच्छ वायु दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन के मौके पर कांजूर ट्रैफिक पुलिस की ओर से गोकुलाष्टमी के मौके पर निकली गोविंदा पथकों के साथ-साथ रिक्शा चालकों को इस दिन के बारे में जानकारी दी गई और वायु प्रदूषण को कम करने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

७ सितंबर को विश्व स्वच्छ वायु दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन के अवसर पर पूरे विश्व में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस तरह की एक खास पहल कांजूर ट्रैफिक पुलिस ने भी की। इस कार्यक्रम के माध्यम से ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों और अन्य नागरिकों को वायु प्रदूषण से बचाव के बारे में जानकारी दी। सड़क पर चलने वाले वाहन हवा में बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं। कई वाहन चालक ट्रैफिक जाम के दौरान और सिग्नल चालू होने पर अपने वाहनों को रोके बिना गाड़ी का इंजन बंद नहीं करते हैं। उस समय भारी मात्रा में कार्बन उत्सर्जित होता है। ७ सितंबर गोकुलाष्टमी के अवसर पर, विश्व स्वच्छ वायु दिवस के महत्व को समझाने के लिए कांजूर यातायात पुलिस स्टेशन की ओर से २५ गोविंदा पथकों और रिक्शा चालकों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। सिग्नल पर रुकते समय अपने वाहन का इंजन बंद कर दें और समय-समय पर पीयूसी की जांच करवाते रहें। उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनका वाहन तय सीमा से अधिक कार्बन उत्सर्जित न करे और नागरिकों को भी यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि ट्रैफिक जाम न हो, ताकि ऐसी स्थिति में हवा में कार्बन उत्सर्जन न हो। ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें सुझाव और जानकारी भी दी। इस दिन के अवसर पर कांजूर यातायात पुलिस विभाग के प्रभारी पुलिस निरीक्षक संपत लोंढे, पीएसआई पवार और अन्य यातायात पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों का मार्गदर्शन किया।

# मुलुंड में बिजली मीटर केबिन में आग लगने का सिलसिला जारी

## गिरजा बाई सोसायटी के बाद लोक एवरेस्ट सोसायटी में भी आगजनी की घटना

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व में गिरिजाबाई सहकारी हाउसिंग सोसायटी में मीटर केबिन में आग लगने के बाद अब एक बार फिर मुलुंड पश्चिम में लोक एवरेस्ट बिल्डिंग के मीटर केबिन में आग लग गई। आग बुझाने के लिए दमकल की चार गाड़ियां बुलानी पड़े। चार गाड़ियों के मौके पर पहुंचने के बाद आग बुझाने में सफलता हासिल हुई । जिस वजह से एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।

मुलुंड पश्चिम में लोक एवरेस्ट को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के मीटर केबिन में बुधवार को सुबह आग लग गई। सुबह होने के कारण उस स्थान पर नागरिकों की भीड़ थी। केबिन में आग लगने के कारण तुरंत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। वर्तमान में बिजली मीटर केबिन में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसी तरह, मुलुंड के पूर्व में गिरिजाबाई सहकारी हाउसिंग सोसायटी में पिछले सप्ताह रात के समय एक मीटर केबिन में आग लग गई थी। समय रहते आग बुझा ली गई और बड़ा हादसा टल गया। लेकिन यह घटना अभी ताजा ही थी और बुधवार को फिर से लोक एवरेस्ट में यह घटना दोहराई गई।

लोक एवरेस्ट एलीट आवासीय भवन के मीटर केबिन में बुधवार को आग लग गई। मीटर केबिन में आग लगने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए महावितरण ने नगर निगम प्रशासन और सहकारी आवास समितियों के लिए कुछ नियम जारी किए हैं। इससे पहले मुंबई, मुलुंड और आसपास के इलाकों में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। अधिकांश समय ये मीटर केबिन मुख्य प्रवेश द्वार की सीढ़ी के बगल में स्थित होते हैं। ऐसे में मीटर केबिन में आग लगने के बाद लोगों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और आग सीधे ऊपरी मंजिल तक फैल जाती है। इसके बाद आग भड़क जाती है और भारी नुकसान होता है। इसलिए महावितरण के लिए जरूरी है कि वह ऐसे मीटर केबिन में लगने वाली आगजनी घटनाओं को को गंभीरता से ले।

# खोए, चोरी हुए मोबाइल बरामद

## मुलुंड पुलिस के सराहनीय कार्य ने शिकायतकर्ताओं के चेहरे पर लाई ख़ुशी

■ **होम टाइम्स टीम**

नागरिकों के खोए हुए मोबाइल और अन्य कीमती सामान को पुलिस से वापस पाने के लिए शिकायतकर्ताओं को एक जटिल कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कभी-कभी नागरिकों को इस कानूनी प्रक्रिया के दौरान कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि कुछ को लगता है कि खोई या चोरी हुई वस्तु कभी वापस नहीं मिलेगी। लेकिन मुलुंड पुलिस ने फिर्यादी पक्ष को सुखद झटका दिया है और खोए या चोरी हुए मोबाइल और अन्य सामान उनके मालिकों को लौटा दिए गए हैं। ये सामान एक विशेष कार्यक्रम में लौटाया गया है।

मुलुंड और आसपास के इलाकों में मोबाइल फोन चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। मोबाइल फोन चोरी करने वाले चोर बेलगाम हो गए हैं। इस तरह कई लोगों के मोबाइल चोरी हो चुके हैं। कई लोगों ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन उन्हें उम्मीद नहीं थी कि ये चोरी हुई और खोई हुई चीजें वापस मिलेंगी। लेकिन मुलुंड पुलिस ने ऐसे लोगों को एक सुखद झटका दिया है। चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन के कई मामलों को सुलझाकर १०० से अधिक मोबाइल फोन उनके संबंधित मालिकों को लौटाए गए हैं। इन सभी



अपराधों को सुलझाने में मुलुंड पुलिस सफल रही इसलिए उन्होंने एक विशेष कार्यक्रम के तहत यह सामान लौटा दिया। परिमंडल ७ के पुलिस उपायुक्त पुरूषोत्तम कराड, मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांतिलाल कोथिंबिरे की उपस्थिति में नागरिकों को ये मोबाइल लौटाए गए। इसके साथ ही पुलिस अधिकारी कराड ने नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी अपराधों को रोकने के लिए क्या करना चाहिए इसकी भी जानकारी देते हुए कहा कि नागरिकों को ऐसे अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए। बढ़ते साइबर अपराध और मोबाइल चोरी के अपराध के ग्राफ को कैसे कम किया जाए, इसके लिए नागरिकों में जागरूकता होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ऐसी घटनाएं उन लोगों के साथ घटती हैं जो लापरवाह होते है । इसलिए, पुलिस उपायुक्त कराड ने भी टिप्पणी की कि यदि नागरिक सतर्क रहेंगे, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। कार्यक्रम का आयोजन मुलुंड पुलिस स्टेशन परिसर में किया गया था। इस दौरान मोबाइल धारकों को उनके मोबाइल फोन वापस दिये गये।

# मुलुंड में गौतमी पाटिल के कार्यक्रम में राडा

## महिला से छेड़छाड़ करने वाले युवक की हुई पिटाई

■ **होम टाइम्स टीम**

गौतमी पाटिल के कार्यक्रम और राडा का समीकरण नया नहीं हैं। जिन जगहों पर गौतमी पाटिल के लावणी के कार्यक्रम होते हैं, वहां हुल्लड़, मस्ती करने वालों में राडा होना कोई आम बात नहीं है। मुलुंड में उनके एक कार्यक्रम में भी ऐसा कुछ हुआ। लेकिन हंगामा करने की कोशिश करने वाले युवक की अन्य युवकों ने खूब पिटाई की ।

डांसर गौतमी पाटिल ने अपने लावणी डांस से युवाओं को दीवाना बना लिया है। इसलिए उनके कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा शामिल होते हैं। युवावस्था में उनकी लोकप्रियता के कारण, उन्हें मुलुंड में दही हांडी उत्सव में भी आमंत्रित किया गया था। वह मुलुंड पश्चिम के स्वप्ननगरी में आईं थी । करीब साढ़े आठ बजे उनका कार्यक्रम शुरू हुआ ,उन्हें देखने आई भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने भारी पुलिस बल तैनात किया था। इस भीड़ में युवा अधिक थे, कार्यक्रम शुरू होने के बाद अचानक भीड़ में से एक उपद्रवी युवक मंच के सामने आया और एक महिला से छेड़छाड़ की। उसकी गंदी हरकत देखकर किनारे खड़े लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। गोविंदा की टीम के साथ कुछ युवकों ने मारपीट भी की। अचानक हुई इस घटना से पुलिसकर्मियों में हलचल मच गई। कुछ देर के लिए यहां अफरा-तफरी मच गई। आयोजकों ने घोषणा कर भीड़ को नियंत्रित करने का भी प्रयास किया। इस बीच मुलुंड पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस घटना में दंगाई कौन थे।

# तेज रफ्तार बाइक चालक ने मारी महिला को टक्कर

## महिला जख्मी, आरोपी गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व में तेज रफ्तार बाइक सवार जो एक डिलीवरी बॉय है उस की ओर से राह चल रही महिला को जोरदार टक्कर मारने की घटना उजागर हुई है। इस घटना में नवघर पुलिस की ओर से बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। परंतु अन्य डिलीवरी बॉयज की ओर से लगातार तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने और लापरवाही से गाड़ी चलाने को लेकर नागरिकों ने प्रशासन से इन पर शिकंजा कसने की मांग की है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार पीड़ित जुनीता देसाई मुलुंड पूर्व के आनंद नगर की रहिवासी है। ३ सितंबर को पीड़ित शाम ५:०० बजे अपना निजी काम खत्म करके अपने घर की तरफ जा रही थी। इसी बीच पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक ने आकर सीधे महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इसके पहले की बाइक चालक घटनास्थल से फरार होता परिसर में मौजूद नागरिकों के सहारे उसे पकड़ लिया गया। इस घटना में महिला बुरी तरीके से जख्मी हो गई और उसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। जिसके बाद नवघर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई और २० वर्षीय निलेश पेडणेकर पर आईपीसी की धारा २७९, ३३८ और मोटर वाहन अधिनियम १८१ और १८४ के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच की जा रही है।

आपको बता दें कि निलेश यह एक डिलीवरी बॉय है। मुलुंड और आसपास के परिसर में खाद्य पदार्थों के साथ-साथ अन्य चीजों की डिलीवरी करने वाले बाइक चालक अक्सर तेज रफ्तार या रैश ड्राइविंग करके जल्द से जल्द डिलीवरी करते दिखाई देते है। जिसके चलते इस तरीके की घटनाएं अक्सर उजागर होती है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जाना चाहिए और इनकी सख्ती से जांच की जानी चाहिए।

# ई चालान का फर्जी मैसेज भेज कर मुंबईकरों से की जा रही है ठगी

## ट्रैफिक विभाग ने जारी किया अलर्ट

■ होम टाइम्स टीम

ई चालान का फर्जी संदेश भेज कर मुंबई करो के साथ ठगी किए जाने के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए यातायात विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है इतना ही नहीं आधिकारिक वेबसाइट के अलावा अन्य किसी लिंक के जरिए पैसों का भुगतान न करने की अपील भी नागरिकों से की गई है।

मुंबईकरों के मोबाइल फोन पर इन दिनों ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई चालान काटे जाने और उसे समय पर न भरने के कारण पैसे काटे जाने का फर्जी मैसेज भेज कर नागरिकों से ठगी किए जाने के मामले इन दिनों अधिक उजागर होने लगे हैं। दरअसल यह जाल साज ट्रैफिक पुलिस का लोगो लगाकर अपने शिकार को एक अलर्ट एसएमएस बनाकर भेजते हैं। जिसमें बकाया राशि का भुगतान करने को कहा जाता है। इतना ही नहीं पेमेंट करने के लिए एक डमी लिंक भी नागरिकों के मोबाइल फोन पर भेजी जाती है। संबंधित व्यक्ति जैसे ही लिंक पर क्लिक करता है नागरिकों के मोबाइल का डाटा हैकर्स के कब्जे में आ जाता है और उसी के जरिए नागरिकों के बैंक अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते हैं। इस तरीके के फर्जी मैसेज की बढ़ रही घटना को देखते हुए मुंबई पुलिस के अधिकारी ने बताया कि चालान का भुगतान करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से आधिकारिक वेबसाइट से ही नागरिकों को मैसेज भेजा जाता है। इस तरीके की किसी भी फर्जी लिंक या मैसेज पर भरोसा ना करें और आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ही-चालान की रकम का भुगतान करें।

# सील फ्लैट के मालिक ने बैंक के दो सुरक्षा गार्डों की कर दी पिटाई

## फ्लैट में प्रवेश करने में की थी मनाही

■ होम टाइम्स टीम

बैंक द्वारा सील किए गए घर के बाहर पहरा देने वाले दो लोगों की घर के मालिक ने अच्छी तरह से पिटाई कर दी । यह घटना मुलुंड के चिंतामणि पार्क के पास साई क्लासिक सोसायटी में हुई। पुलिस ने मारपीट करने वाले मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और इस अपराध में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी सामने आई है कि राजेश पावस्कर के नाम पर मुलुंड पूर्व के बबनराव कुलकर्णी रोड इलाके में स्थित साई क्लासिक सोसायटी में एक फ्लैट है। इस पर उन्होंने कोटक महिंद्रा बैंक से लोन लिया था। लेकिन लोन नहीं चुका पाने के कारण बैंक ने उनका फ्लैट सील कर दिया है। सील किए गए फ्लैट पर बैंक ने सुमित कुमार कश्यप उम्र १९ साल और राजवर्धन सिंह नाम के दो सुरक्षा गार्डों को फ्लैट के बाहर खड़े होकर उसकी रखवाली करने के लिए नियुक्त किया है। इस बीच फ्लैट का मालिक राजेश पावस्कर ५ अगस्त २०२३ को रात १:०० बजे के आसपास वहां आया, जब वे फ्लैट पर रात की निगरानी कर रहे थे। जब उन्होंने अपने फ्लैट में घुसने की कोशिश की, तो बैंक द्वारा नियुक्त दो सुरक्षा गार्डों के साथ उनकी बहस हो गई। इस विवाद में पावस्कर ने दोनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। पिटाई के बाद दोनों सुरक्षा गार्ड बिल्डिंग से बाहर निकले और गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को देखा। उन्होंने तुरंत उनके साथ हुई मारपीट की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस इमारत में गई और पावस्कर को हिरासत में ले लिया। पता चला कि उस वक्त उन्होंने शराब पी रखी थी। पुलिस ने उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा ३२३, ५०४ और महाराष्ट्र शराब अधिनियम की धारा ८५(१) के तहत मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। आगे की जांच नवघर पुलिस कर रही है।

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें



## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक







'सुजोक'

डॉ. मोनिशा रावत

# गोखरू (बुनिओन)...



## ट्रीटमेंट और इलाज बिना दवाई और बिना सर्जरी के

**यदि गोखरू का लंबे समय तक उपचार नहीं किया गया तो उनका आकार बढ़ना जारी रह सकता है और बाद में घुटने का ऑस्टियो आर्थराइटिस, हिप बर्साइटिस को समस्या पैदा हो सकती है**

इस समस्या को हॉलक्स वाल्गस के नाम से भी जाना जाता है। पैरों में होने वाली सबसे आम दर्दनाक प्रोग्रेसिव बीमारी है। पैरों की यह स्थिति पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा पाई जाती है।

**गोखरू क्या है?**

यह पैर के उंगुठे की एक डि-फोरमेटी (विकृति) है, जिसमें एक पैर का उंगुठा अंदर की ओर मुड़कर दूसरे पैर के अंगुठे की ओर चला जाता हैं अथवा पैर की हड्डी बाहर/गांठ निकल आती है। मेटाटार्सल हड्डी का सिर बढ़ जाता है और पैर का उबड़-खाबड़ रुप और आकार दिखता है। यह सूजन जैसी स्थिति, काफी दर्द और असुविधा का कारण बन जाती है, जो चलने, संतुलन बनाये रखने और कुछ विशेष प्रकार के जूते पहनने की क्षमता को प्रभावित करती है।

**लक्षण**

१. पैर के अंगूठे के किनारे पर लाल, पीड़ादायक उभार दिखाई देना।

२. पैर के अंगूठे के प्रभावित क्षेत्र में



दर्द, नरमी/कोमलता।

३. पैर के अंगूठे के जोड़ के आसपास सूजन।

४. प्रभावित पैर के अंगूठे की सीमित मुव्हमेंट।

५. नियमित जूते पहनने में कठिनाई।

हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हम निम्नलिखित तरीकों से लोगों के उनके गोखरू का इलाज बिना किसी दवा, बिना सर्जरी और बिना किसी साइड इफेक्ट के करने में मदद करते है।

१. नियमित व्यायाम करने से मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने, लचीलापन, दर्द से राहत और पैरों की गतिशीलता में सुधार लाने में मदद होती है। स्विमिंग साइकलिंग, पैदल चलना, पैरों की एक्सरसाइज करने से गोखरू को कम करने में मदद मिलती है।

२. पैरों और पंजों पर अतिरिक्त दबाव को कम करने के लिए, शरीर का हेल्दी वजन बनाये रखना।

३. चूंकि गोखरू एक सूजन की स्थिति है, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों से बचना जो, सूजन का कारण बनते हैं जैसे की रिफाइंड शक्कर, एरियेटेड ड्रिंक्स, जंक और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ इत्यादि।

४. आरामदायक जूते पहनना।

**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल**

१.ऑनलाइन(इंटरनेशनल)-सुजोक-बेसिक(लेवल-I)14thto 22/09/2023

२. ऑनलाइन-सुजोक Six Ki-1(लेवल -III) 12th to 23/10/2023

३. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल -II) 27th to 29/10/2023

LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.

### सुजोक थैरापी

अ) कलर थैरापी - गोखरू पर रोजाना ऑरेंज कलर लगाना (चित्र १ में दर्शाये अनुसार)




ब) एक्यूप्रेशर - पैर के मध्य उंगली (गोखरू की तरफ) के नाखून के पास, डायग्नोस्टिक प्रोब से जांच कर गोखरू का दर्दनाक पॉइंट का पता लगाकर रोजाना उसे चार बार क्लॉकवाइज-एन्टी-क्लाक वाईज घुमाकर मसाज करना (चित्र २ में दर्शाये अनुसार)





**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा' मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV

Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019

NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19

Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR

Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS

Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times

An ISO Certified Centre at Mumbai

Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592




सुनिता देसाई

# राशिफल

Saturday, 9th Sept to 15th Sept 2023

२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉंड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्सु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.


**+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com**




■ **मेष** (अ, ल, इ)

**भविष्यवाणी:** स्थिति में सुधार होगा और आप संतुष्ट महसूस करेंगे


**सलाह:** १) ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए ऊँचा सोचें। २) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी जरूरतों पर ध्यान दें।




■ **कर्क** (ड, च, ह)

**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपके लिए कोई यात्रा का योग है और आप उद्देश्यपूर्ण ढंग से यात्रा करेंगे।


**सलाह:** १) किसी पवित्र स्थान या मंदिर के दर्शन करें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी शक्ति पर ध्यान दो।




■ **तुला** (र, त)

**भविष्यवाणी:** आप अपना रास्ता बदलेंगे और नई चीज़ें और सफलता आसानी से पाएंगे।


**सलाह:** १) इस सप्ताह बाहर का खाना न खाएं। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी ताकत पर ध्यान दें।




■ **मकर** (ख, ज)

**भविष्यवाणी:** कोई आपकी मदद करेगा और आप कई मामलों में अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे।

**सलाह:** १) आपके लिए धैर्य अनिवार्य है। २) नारंगी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी आदतों पर ध्यान दें ।




■ **वृषभ** (ब, व, य)

**भविष्यवाणी:** धन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा तथा जब आप धन चाहेंगे तो नहीं मिलेगा।

**सलाह:** १) कुछ भी निर्णय लेने से पहले दो बार सोचें। २) नारंगी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी संतुष्टि पर ध्यान दें।




■ **सिंह** (म, ट)

**भविष्यवाणी:** आपको लोगों और अपनी भावनाओं और ऊर्जा को नियंत्रित करने की शक्ति मिलेगी।


**सलाह:** १) नए लोगों से ज्यादा बात न करें। २) नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें।




■ **वृश्चिक** (न, य)

**भविष्यवाणी:** आपको कुछ रहस्यों के बारे में पता चलेगा और आप निर्णय लेने में सक्षम होंगे।


**सलाह:** १) किसी जरूरतमंद व्यक्ति को अनाज दान करें। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने गुस्से पर ध्यान दें ।




■ **कुंभ (ग, स, श)**

**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपका प्रोफेशनल तरीका आपको काफी मदद करेगा। आपको कुछ अवसर मिलेंगे.


**सलाह:** १) अपने खान-पान का ध्यान रखें और नियमित रहें। २) नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने सहयोग पर ध्यान दो ।




■ **मिथुन** (क, च, ज)

**भविष्यवाणी:** आपकी वाणी आपकी ताकत बनेगी और कोई आपकी प्रशंसा करेगा।


**सलाह:** १) जाकर कुछ बुजुर्ग रिश्तेदारों से मिलें। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने आराम पर ध्यान दें।




■ **कन्या** (प, ठ, ण)

**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आप भ्रमित रहेंगे क्योंकि चीज़ें बहुत तेज़ी से बदलेंगी।


**सलाह:** १) जिन लोगों का आप सम्मान करते हैं उनकी आज्ञा मानें। २) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी भावनाओं पर ध्यान दें।




■ **धनु** (भ, ड, फ, ठ)

**भविष्यवाणी:** आपकी वर्तमान स्थिति जल्द ही बदलेगी और स्वास्थ्य एवं धन में सुधार होगा।

**सलाह:** १) राय देने से पहले दो बार सोचें। २) बैंगनी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें ।




■ **मीन** (द, च, झ)

**भविष्यवाणी:** कई लोग आपको गलत साबित करने के लिए आपसे बहस करेंगे।

**सलाह:** १) शांति के लिए आपको नियमित ध्यान की आवश्यकता है। २) अपने भोजन और पहनावे में हरे रंग का प्रयोग करें। ३) अपने ज्ञान पर ध्यान दें ।

# जॉब देने के बहने मुलुंड निवासी से की गई डेढ़ लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में साइबर क्राइम रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। टेलीग्राम के जरिये टास्क खेलना ,युटुब सब्सक्राइब करके पैसे कमाने के नाम बेरोजगार लोग ठगी का शिकार हो रहे है। ऐसी ही फिर एक घटना मुलुंड में उजागर हुई है और महिला को डेढ़ लाख से अधिक रूपये से हाथ धोना पड़ा है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ३२ वर्षीय शिकायत करता मुलुंड पश्चिम की रहिवासी है। ४ साल पहले पीड़ित ने परींझीळ.लो पर काम के संदर्भ में अपना बायोडाटा अपलोड किया था। जिसके बाद कुछ दिनों पहले ही पीड़ित को अज्ञात नंबर से फोन आए। जिसमें सीता नामक महिला ने पीड़ित को बताया कि यूट्यूब पर चैनल सब्सक्राइब करके वह घर बैठे अच्छे पैसे कमा सकती है। इस काम को करने के लिए उसे टेलीग्राम ग्रुप को जॉइंट करने का एक लिंक भी दिया गया था। पीड़ित ने लिंक पर क्लिक किया और घर बैठे पैसे कमाने की लालच में जाकर रजिस्ट्रेशन कर लिया। इसके बाद पीड़ित को विभिन्न टास्क दिए गए। शुरुआती कुछ टास्क करने के बाद पीड़ित को पैसे रिटर्न मिल रहे थे। बाद में पीड़िता को पैड टास्क करने को कहा गया और उसके बदले अच्छा मुनाफा देने का लालच भी दिया गया। इसी लालच में आकर पीड़ित ने पेड़ टास्क करना शुरू किया और जालसाजों की और से पीड़ित के अकाउंट १ लाख ५३ हजार ७५० रुपए निकाल लिए गए। पैसे दोबारा नहीं मिलने के बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि उसे ठगा गया है और पीड़ित ने सीधे में मुलुंड पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया। फिलहाल पुलिस ने आईपीसी की धारा ४१९, ४२० और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की अधिक जांच की जा रही है।

बार बार पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों को सतर्क किया जा रहा है। उन्हें सावधान रहने की अपील की जा रही है लेकिन फिर भी साइबर फ्रॉड कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। जिस वजह से कई नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि इन मुद्दों पर सोशल मीडिया के जरिये नागरिकों को जागरूक किया जाए साथ ही सोसायटी में इस विषय पर बोर्ड लगाए जाएं।

# मुलुंड में पार्क किए गए वाहनों की बैटरी चोरी करने आए युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

गाड़ियों की बैटरी चोरी करने की मंशा से आए २२ वर्षीय युवक को चोरी का अंजाम देने से पहले ही मुलुंड पुलिस की ओर से गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी से अधिक पूछताछ की जा रही है।

मिल रही जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले जब मुलुंड पुलिस के दो सिपाही साल्पा देवी पाड़ा परिसर में गशत कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस को एक व्यक्ति पर शक हुआ। जो की रिक्शे के पीछे छुपने की कोशिश कर रहा था। जब पुलिस उसके नजदीक गई और उससे पूछताछ करना शुरू किया तब युवक पुलिस को पूछे गए सवालों का उत्तर नहीं दे पाया। मुलुंड पुलिस को शक हुआ कि वह गाड़ी के बैटरी चोरी करने की मंशा से यहां खड़ा होगा। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम २२ वर्षीय वर्धन घाग बताया जा रहा है और आरोपी भांडुप का निवासी है। फिलहाल मुलुंड पुलिस इस मामले में अधिक जांच कर रही है।

# गाड़ी का कांच तोड़कर चोरी किए गए ७० हजार रुपए

## मुलुंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

दिन दहाड़े गाड़ी का कांच तोड़कर गाड़ी के अंदर रखे ७० हजार से अधिक के मूल्यवान वस्तु को चोरी करने का मामला मुलुंड में सामने आया है। इस घटना के बाद मुलुंड पुलिस मामले की अधिक जांच कर रही है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ४२ वर्ष सागर काले कंजूरमार्ग का रहिवासी है। पीड़ित ६ सितंबर की सुबह किसी निजी कार्य से मुलुंड में आया था। इसी बीच पीड़ित ने अपनी चार पहिया गाड़ी मुलुंड पश्चिम पी के रोड पर लगाई थी। कुछ समय बाद पीड़ित अपना काम खत्म कर के जैसे ही अपने गाड़ी के पास आया तब उसने देखा कि गाड़ी का कांच टूटा हुआ है और गाड़ी के भीतर रखा ७० हजार रुपए कीमत का लैपटॉप भी गायब था। दिनदहाड़े उजागर हुए इस घटना के बाद पीड़ित की ओर से मुलुंड पुलिस स्टेशन में जाकर घटना की जानकारी दी गई और मामला दर्ज करवाया गया। फिलहाल मुलुंड पुलिस ने आईपीसी की धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। आपको बता दें कि इसके पहले भी मुलुंड और आसपास के परिसर में गाड़ी का कांच तोड़कर मूल्यवान वस्तुओं को चुराने के कई मामले सामने आए है। लगातार कांच तोड़कर चोरी करने की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए मुलुंड पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि गाड़ी में अपने मूल्यवान वस्तु ना रखें।

# मुलुंड में ११ वर्षीय बच्ची के साथ किया गया लैंगिक अत्याचार

## आरोपी गीरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में ११ वर्षीय बच्ची के साथ लैंगिक अत्याचार करने का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। फिलहाल इस मामले में मुलुंड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और आरोपी को गीरफ्तार कीया है।

मुलुंड पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ५ सितंबर को ३४ वर्षीय फरियादी की ११ वर्षीय बेटी अपने घर पर अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर शिकायतकर्ता के घर के बगल में रहने वाला ५५ वर्षीय व्यक्ति अलमेड़ा गिल्बर्ट ने बच्ची के साथ लैंगिक अत्याचार करना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद जब शिकायतकर्ता घर पहुंची तब उसकी बेटी ने अपनी मां से यह पूरी जानकारी साझा की। घटना का पता चलने के बाद शिकायतकर्ता की ओर से मुलुंड पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। फिलहाल मुलुंड पुलिस की ओर से आरोपी के खिलाफ पोक्सो अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को गीरफ्तार कर न्यायासिक हिरासतमें भेज दीया गया है।



CALL CENTER **022 66211333**

E-MAIL ID **customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER **HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

**HOME NET**
**www.homenet.net**

WOW!

DOUBLE MAZZA!! uploads & downloads at same speed, since 2010 now @ ₹194/-*

Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free

67 PE OFFER

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED

99% UPTIME

- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH ZERO INSTALLATION COST**

For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

### HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS INTRODUCTORY OFFER IN YOUR SOCIETY PLEASE COME TO US WITH A MINIMUM GROUP OF 15 CONNECTIONS

SYMMETRIC SPEED · SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS · EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION · FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS · NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**

Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**

Download on the App Store · GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL

**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**

**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**